RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 80 • 05:04:2024 • शुक्रवार • मूल्य : 5/-

## भारत में लोकतंत्र देखने आएंगे दुनिया के 15 दल

### भाजपा की रैलियों में भी लेंगे हिस्सा, समझेंगे पूरी प्रक्रिया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, जहां हर 5 साल में शांतिपूर्वक ढंग से चुनाव होता है और सत्ताधारी दल की परायज पर आसानी से सत्ता हस्तांतरण होता रहा है। इतनी आसान और शांतिपूर्ण प्रक्रिया के तहत नेतृत्व परिवर्तन होना दुनिया के कई देशों के लिए हैरानी और सीख वाली बात रही है। यही वजह है कि भाजपा ने दुनिया के कई देशों से 15 दलों को चुनाव देखने के लिए आमंत्रित किया है। यह पहला मौका होगा, जब भारत से बाहर का कोई राजनीतिक दल देश में इलेक्शन देखने आएगा। इससे पहले भाजपा ने हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश और राजस्थान के चुनाव में विदेशी डिप्लोमैट्स को न्योता दिया था और चुनाव दर्शन पर भेजा था। इस बार भाजपा ने दूसरे देशों के 15 दलों को बुलाया है। इन विदेशी पार्टियों के लोग 7 मई को तीसरे और 13 मई को चौथे चरण में चुनाव देखेंगी। इस दौरान विदेशी दलों के प्रतिनिधि चुनाव में उतरे कैंडीडेट्स से मुलाकात करेंगे, देश के अलग-अलग हिस्सों में जाएंगे और रैलियों एवं पार्टी की मीटिंग्स में हिस्सा लेंगे। भाजपा सूत्रों के अनुसार यह प्रयास इसलिए किया गया है ताकि हम दुनिया को दिखा सकें कि भारत में डेमोक्रेसी कितनी वाइब्रेंट है। भाजपा सूत्रों ने कहा कि दुनिया देखना चाहती है कि इतने बड़े और अधिक आबादी वाले देश में कैसे चुनाव होते हैं। इसके अलावा दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भाजपा कैसे काम करती है। इसलिए हमने विदेशी प्रतिनिधियों को बुलाया है ताकि वे भारत में लोकतंत्र के दर्शन कर सकें। भाजपा की विदेश विंग के प्रभारी विजय चौथाईवाले कहते हैं कि अब तक दुनिया के 15 देशों ने आने की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि भारत वाइब्रेंट डेमोक्रेसी है और हर कोई इसके बारे में जानना चाहता है। इसके अलावा भाजपा सत्ता में है तो दूसरे देशों के राजनीतिक दल उसके कामकाज के बारे में भी जानना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि इन लोगों को बीजेपी मुख्यालय भी ले जाया जाएगा।



## '43' तक पहुंचा पारा, 'लू' की चपेट में देश के 6 राज्य

- एमपी के 18 जिलों में बारिश की संभावना, पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी जारी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश के 6 राज्यों में लू चल रही है। इनमें कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, ओडिशा, झारखंड और पश्चिम बंगाल शामिल हैं। यहां का तापमान 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने केरल, असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश और लक्षद्वीप में बारिश की संभावना जताई है। इसके अलावा पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी जारी रहने की बात कही है। इनमें जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश शामिल हैं। मौसम विभाग ने कहा कि 7 अप्रैल से मध्यप्रदेश के 18 और बिहार के 9 जिलों में बारिश हो सकती है। वहीं, झारखंड में 7 अप्रैल तक राज्य में लू का यलो अलर्ट जारी किया है। मध्यप्रदेश में अप्रैल में आंधी-बारिश का ट्रेंड है। पिछले 10 में से 7 साल बारिश हुई। इस बार भी ऐसा ही मौसम रहेगा। 7 अप्रैल से अगले 2 दिन प्रदेश के कई जिलों में आंधी-बारिश का दौर रहेगा। जबलपुर, भोपाल, शहडोल, रीवा समेत 18 जिलों में बारिश हो सकती है। आईएमडी भोपाल के अनुसार 5 अप्रैल से वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) ऐक्टिव हो रहा है। इसका असर 1-2 दिन के बाद प्रदेश में देखने को मिलेगा। खासकर पूर्वी हिस्से में बारिश, आंधी और बादल रहेंगे। झारखंड में तेज धूप के साथ अब हीटवेव का खतरा भी बढ़ने लगा है। मौसम विभाग ने इसे लेकर 7 अप्रैल तक राज्य में हीटवेव का यलो अलर्ट जारी किया है।



## आधी आबादी का अपमान करोगे तो राजनीति लायक नहीं बचोगे

- मथुरा में रणदीप सुरजेवाला पर भड़के योगी, हेमा पर दिए बयान पर बोला हमला

**मथुरा (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला की तरफ से हेमा मालिनी पर अपमानजनक टिप्पणी करने के मामले में अब सियासत तेज हो गई है। लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा के नेता मंच से इसको लेकर लगातार सुरजेवाला पर हमला बोल रहे है। भाजपा, कांग्रेस को महिला विरोधी भी बता रही है। अब उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि यह राधे रानी की भूमि है, अगर आधी आबादी का अपमान करोगे तो आधी आबादी ही नहीं, बल्कि पूरा भारत वर्ष ऐसा सबक सिखाएगा कि आगे से राजनीति करने लायक बच नहीं पाओगे। दरअसल, हेमा मालिनी पर रणदीप सुरजेवाला के विवादित बयान से पहले हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत को लेकर भी कांग्रेस नेताओं ने अमर्यादित टिप्पणी की थी।



## पाक और चीन का काल है अग्नि 'प्राइम' मिसाइल

### रात में किया सफल परीक्षण, डीआरडीओ अधिकारी रहे मौजूद

### मिसाइल के परीक्षण से पहले सूंघने पहुंचा था ड्रैगन का जासूस

**इस्लामाबाद/नई दिल्ली/बीजिंग (एजेंसी)।** भारतीय सेना के रणनीतिक फोर्स कमांड ने नई पीढ़ी की बलिस्टिक मिसाइल अग्नि प्राइम का रात के समय सफल परीक्षण किया है। इस दौरान ओडिसा तट पर डीआरडीओ के भी अधिकारी मौजूद थे। बताया जा रहा है कि यह परीक्षण सफल रहा और रास्ते में कई जहाजों ने इसकी निगरानी भी की। परमाणु बम गिराने में सक्षम यह मिसाइल भारत की सबसे आधुनिक मिसाइलों में से एक है। इसे अग्नि सीरिज की पुरानी पड़ चुकी अन्य मिसाइलों को हटाने के लिए बनाया जा रहा है। इससे पहले भारत ने अग्नि-5 मिसाइल का टेस्ट किया था जो एक साथ कई परमाणु बम ले जाने में सक्षम है। भारत की इन मिसाइलों की टेस्टिंग को देखते हुए चीन ने अपने कई जासूसी जहाज हिंद महासागर में तैनात किए हैं। अग्नि प्राइम मिसाइल के अंदर एक ऐसी नई तकनीक लगाई गई है जो ज्यादा सटीकता से हमला करने में सक्षम है। यही नहीं इससे इसे एयर डिफेंस सिस्टम से मार गिराना भी आसान नहीं है। इस मिसाइल की रेंज 1000 से 2000 किमी तक है जो पूरे पाकिस्तान में कहीं भी परमाणु तबाही मचाने की क्षमता रखती है। विशेषज्ञों का कहना है कि इस अग्नि पी मिसाइल को पृथ्वी, अग्नि 1 और अग्नि 2 परमाणु मिसाइलों से रिप्लेस करने के लिए बनाया गया था।



## लोकसभा चुनाव से पहले नवनीत राणा को मिली 'सुप्रीम' राहत

### कास्ट सर्टिफिकेट मामले में बॉम्बे हाईकोर्ट का फैसला पलटा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनावों से पहले अमरावती से सिटिंग सांसद और बीजेपी कैंडीडेट नवनीत राणा को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने 2021 के बॉम्बे हाई कोर्ट के फैसले को रद्द कर दिया। मामला नवनीत राणा के अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र से जुड़ा है। जिसे हाई कोर्ट ने जाली बताते हुए रद्द कर दिया था और दो लाख का जुर्माना लगाया था। हाई कोर्ट के फैसले के बाद उनकी सांसदी खतरे में आ गई थी। दरअसल, नवनीत राणा महाराष्ट्र की अमरावती लोकसभा सीट से सांसद हैं। यह सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। 2021 में बॉम्बे हाई कोर्ट में यह याचिका डाली गई कि नवनीत ने जाली दस्तावेजों के आधार पर चुनाव लड़ा और जीता। मामले में सुनवाई करते हुए बॉम्बे हाई कोर्ट ने भी माना कि नवनीत राणा ने जाली जाति प्रमाण पत्रों के बल पर चुनाव लड़ा था। इसलिए उनका जाति प्रमाण पत्र रद्द कर दिया गया। हाई कोर्ट के फैसले के बाद उनका मोची जाति प्रमाण पत्र अमान्य करार दिया गया। इस फैसले के खिलाफ नवनीत राणा ने सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर की। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को नवनीत राणा को बड़ी राहत दी और बॉम्बे हाई कोर्ट का फैसले को पलट दिया। इससे नवनीत राणा के जाति प्रमाण पत्र को भी हरी झंडी मिल गई है। बता दें कि नवनीत राणा एक बार फिर अमरावती की आरक्षित सीट से चुनाव लड़ रही हैं। इस बार बीजेपी ने उन्हें चुनावी मैदान पर उतारा है।



## भाजपा में आए कांग्रेस प्रवक्ता गौरव वल्लभ और अनिल शर्मा

- एक दिन में ही गिरे कांग्रेस के 3 महत्वपूर्ण विकेट

नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस से इस्तीफा देने के बाद प्रोफेसर गौरव वल्लभ अब भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए हैं। लोकसभा चुनाव से पहले राजस्थान से वल्लभ का पलायन कांग्रेस के लिए बड़े झटके के तौर पर माना जा रहा है उन्होंने कांग्रेस पर दिशाहीन पार्टी होने के आरोप लगाए थे। वल्लभ कांग्रेस की तरफ से राष्ट्रीय प्रवक्ता भी थे। वल्लभ के साथ बिहार कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा ने भी भाजपा की सदस्यता ली। खास बात है कि महज दो दिनों के भीतर ही कांग्रेस को तीन राज्यों में तीन बड़े झटके लगे हैं। एक ओर जहां राजस्थान से आने वाले वल्लभ ने और बिहार कांग्रेस के दिग्गज शर्मा ने भाजपा का दामन थामा। वहीं, पार्टी से तनातनी के बीच महाराष्ट्र के नेता संजय निरुपम ने भी कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया है। उन्हें मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना में शामिल होने की तैयारी में हैं। वल्लभ ने लिखा, पार्टी जिस प्रकार से दिशाहीन होकर आगे बढ़ रही है, उससे मैं असहज हूं।



## संदेशखाली पीड़ितों का 1 फीसदी सच भी बेहद शर्मनाक

### बंगाल सरकार पर 'हाई' हुआ हाईकोर्ट का पारा, जमकर लताड़ा

### कहा-अगर ऐसा है तो पूरा प्रशासन और सत्ताधारी पार्टी जिम्मेदार

**कोलकाता (एजेंसी)।** संदेशखाली मामले में कलकत्ता हाईकोर्ट ने गुरुवार को बंगाल सरकार को फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा, अगर इस मामले में एक परसेंट भी सच्चाई है तो यह शर्मनाक है। पूरा प्रशासन और सत्ताधारी पार्टी इसके लिए नैतिक तौर पर 100 फीसदी जिम्मेदार है। यह लोगों की सुरक्षा का मामला है। संदेशखाली के मुख्य आरोपी शाहजहां के खिलाफ 5 जनहित याचिकाओं पर चीफ जस्टिस टीएस शिवज्ञानम और जस्टिस हिरण्मय भट्टाचार्य की बेंच ने सुनवाई की। पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में महिलाओं से यौन उत्पीड़न और जमीन हड़पने के आरोपी टीएमसी से निष्कासित नेता शेख शाहजहां को बंगाल पुलिस ने 29 फरवरी को गिरफ्तार किया था। जिसके बाद पुलिस ने उसे सीबीआई को सौंप दिया था। चीफ जस्टिस-मान लीजिए कि एक भी एफिडेविट सही है तो यह शर्मनाक है। पूरा प्रशासन और सत्ताधारी पार्टी इसके लिए नैतिक तौर पर 100 फीसदी जिम्मेदार है। यह लोगों की सुरक्षा का मामला है। आप एससी-एसटी नेशनल कमीशन की रिपोर्ट देखेंगे तो उसमें अगर एक फीसदी भी सच है तो ये 100 फीसदी शर्मनाक है। बंगाल महिला सुरक्षा के मामले में एनसीआरबी का डेटा दिखाता है। एक अन्य जनहित याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि इस मामले में गवाहों को सुरक्षा प्रदान की जाए। उन्होंने दावा किया कि सुरक्षा कारणों से कोई भी महिला अदालत में गवाही देने के लिए आगे नहीं आई। एक अन्य याचिकाकर्ता की वकील प्रियंका टिबरेवाल ने कहा, ज्यादातर महिलाएं अनपढ़ हैं। ई-मेल तो भूल जाइए, वो खत भी नहीं लिख सकती हैं। हमारे पास 500 से ज्यादा महिलाओं का डेटा है।



### दिल्ली जल बोर्ड केस

## पूर्व इंजीनियर और कॉन्ट्रेक्टर दिल्ली की ईडी कोर्ट में हुए पेश

- अदालत ने ईडी को दिया निर्देश-सभी आरोपियों को चार्जशीट की कॉपी दी जाए

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जल बोर्ड मनी लॉन्ड्रिंग केस में गुरुवार कोर्ट में पूर्व चीफ इंजीनियर और कॉन्ट्रेक्टर को पेश किया गया। अदालत ने प्रवर्तन निदेशालय को आदेश दिया कि वो सभी आरोपियों को चार्जशीट की कॉपी दे। जल बोर्ड के पूर्व चीफ इंजीनियर जगदीश आरोड़ा और कॉन्ट्रेक्टर अनिल अग्रवाल अभी ज्यूडिशियल कस्टडी में हैं। इनके अलावा एक अन्य आरोपी तेजिंदर सिंह को भी अदालत में पेश किया गया। चौथे आरोपी पूर्व जनरल मैनेजर डीके मित्तल ने अदालत में अर्जी दी कि उन्हें आज पेश होने से छूट दे दी जाए। कोर्ट ने 3 अप्रैल को ईडी की चार्जशीट पर एक्शन लेते हुए आरोपी देवेंदर मित्तल और तेजिंदर पाल सिंह को हाजिर होने का आदेश दिया था। इनके अलावा आरोपी जगदीश अरोड़ा और अनिल अग्रवाल को भी कोर्ट में पेश करने का नोटिस जारी किया गया। कोर्ट ने कहा कि चार्जशीट में आरोपियों के

## नहीं दिखे मुस्लिम लीग के झंडे राहुल गांधी के रोड शो पर बवाल

### वायनाड में स्मृति ईरानी हुईं हमलावर, लेफ्ट ने भी राहुल को घेरा

**वायनाड (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव से पहले मुस्लिम लीग के झंडे को लेकर सियासत शुरू हो गई है। वायनाड से पर्चा दाखिल करने के बाद कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने रोड शो किया था। इस रोड शो के दौरान मुस्लिम लीग का झंडा नदारद दिखा। अब मुस्लिम लीग के झंडे को लेकर वामपंथ और दक्षिणपंथ दोनों ने कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधा है। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने गुरुवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वह पार्टी की सहयोगी पार्टी इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) से शर्मिंदा हैं, वायनाड जिले में उनके रोड शो के दौरान मुस्लिम लीग का झंडा शामिल नहीं किया गया था। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री ने कहा कि अगर उन्हें आईयूएमएल से शर्म आती है, तो उन्हें उनका समर्थन अस्वीकार कर देना चाहिए। उधर केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने गुरुवार को वायनाड में राहुल गांधी की रैली में कांग्रेस के साथ-साथ मुस्लिम लीग के झंडे गायब होने पर कांग्रेस की आलोचना की। विजयन ने कहा, कल ही कांग्रेस के शीर्ष नेता ने वायनाड से अपना नामांकन दाखिल किया था। इसके तहत एक रोड शो हुआ था। स्वाभाविक रूप से उनके समर्थक उनके साथ थे। लेकिन ध्यान देने वाली बात यह थी कि उनकी पार्टी का झंडा वहां नहीं था।



## अब पाकिस्तान के लिए खजाना खोल सकता है सऊदी अरब

- बलूचिस्तान में एक अरब डॉलर के निवेश का बना रहा प्लान

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान की लगातार खराब होती आर्थिक स्थिति को सऊदी अरब से बड़ी मदद मिलने जा रही है। सऊदी अरब के पाकिस्तान में 1 अरब डॉलर के निवेश करने की संभावना है। बलूचिस्तान प्रांत के चाघी जिले स्थित रेको डिक कॉपर-गोल्ड प्रोजेक्ट में सऊदी से निवेश कर सकता है। पाकिस्तान के अखबार ट्रिब्यून ने वित्त मंत्रालय के हवाले से कहा है कि सऊदी अरब अगले महीने इस परियोजना में निवेश करेगा। ऑयल एंड गैस डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड (ओजीडीसीएल) और पाकिस्तान पेट्रोलियम लिमिटेड (पीपीएल) के शेयर सऊदी को बेचे जाएंगे। रिपोर्ट कहती है कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ परियोजना में सऊदी किंगडम के निवेश के लिए एक वित्त मंत्रालय समिति बनाएंगे। समिति में ओजीडीसीएल, पीपीएल और ऊर्जा मंत्रालय के अधिकारी शामिल होंगे। वित्त और ऊर्जा मंत्रालय समिति के गठन के लिए प्रधानमंत्री को अपनी रिपोर्ट भेजेंगे। इसके बाद समिति के सदस्य निवेश पर अंतिम चर्चा के लिए सऊदी अरब रवाना होंगे। सऊदी में दोनों देशों के अधिकारी रेको डिक परियोजना में निवेश के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे।

## संदेशखाली के दोषियों को मोदी सजा दिलवाकर ही रहेगा

### कूचबिहार में पीएम मोदी ने कहा-उनकी बाकी जिंदगी जेल में कटेगी

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल के कूच बिहार की चुनावी सभा में पीएम मोदी ने कहा- संदेशखाली के दोषियों को मोदी सजा दिलवाकर ही रहेगा। उनकी बाकी जिंदगी जेल में ही कटेगी। ये पूरे देश का चुनाव है। ये देश को दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक ताकत बनाने का चुनाव है। इसलिए दिल्ली में कमजोर नहीं, मजबूत सरकार जरूरी है। आप बताइए, क्या देश को दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति बनाना चाहिए या नहीं। हमें देश की सरकार, मजबूत सरकार और काम करने वाली सरकार बनानी है। आजादी के बाद देश में 6-7 दशक में लोगों ने केंद्र में सिर्फ कांग्रेस का मॉडल देखा। आज दुनिया कहती है कि मोदी मजबूत नेता है, बड़े फैसले लेने वाला नेता है। मैं विनम्रता से कहना चाहता हूं कि मोदी भारत की जनता-जनार्दन का सेवक है। मोदी बड़े फैसले लेता है, क्योंकि उसे 140 करोड़ भारतीयों के सपने पूरे करने हैं। इसलिए मोदी की गारंटी है। आपका सपना ही मोदी का संकल्प है। मोदी ने गरीब को हक दिया और गरीबों को लूटने वालों के खिलाफ बड़े फैसले लिए, ताकि देश भ्रष्टाचार मुक्त हो।



# हंसता खेलता परिवार उजड़ा, दो बच्चों ने तोड़ा दम

## झोपड़ी से ढाई फीट ऊपर से गुजरे बिजली तार से हुआ हादसा

**दरभंगा, एजेंसी।** करीब 25 पक्के मकानों के ठीक बीच में फूंस की झोपड़ी। जो जलकर अब खाक हो चुकी है। वहां पहुंचने के लिए संकरी गली का सहारा, जिसमें से हवा भी गुजरते वक्त काफी धीमी हो जाती है। इसी गली में घरेलू बिजली कनेक्शन के लिए लटके तार के जाल। आसपास मातम मनाती महिलाओं की आवाज। परेशान कर देने वाला यह दृश्य दरभंगा का है, जहां बीती रात आग से झुलसने की वजह से एक और 5 साल के दो बच्चों की मौत हो गई।

यह घटना बिरौल थाना क्षेत्र के सुपौल पंचायत स्थिति हाट गाछी वार्ड नंबर 3 की है। दरअसल, इस घटना की जानकारी जिसे भी मिली, उसने लोगों एक बार झकझोर दिया। हंसता खेलता एक परिवार रात भर में पूरी तरह से तबाह हो गया।

मृतकों की पहचान अशोक सहनी के एक वर्षीय बेटे अंकुश और 5 साल के अंकित के रूप में हुई। वहीं, गंभीर रूप से घायल की पहचान 25 वर्षीय पत्नी गीता देवी के रूप में की गई। गीता देवी का इलाज अभी पीएमसीएच में किया जा रहा है। घटना के वक्त बच्चों के साथ मां सोई हुई थी। वहीं उनके पिता पास के ही एक घर में शादी में गए हुए थे। हालांकि हादसे की सूचना के बाद यहां बारात नहीं पहुंची और शादी की तिथि आगे बढ़ा दी गई। स्थानीय लोगों की मानें तो यह पूरी घटना बिजली के तार के झोपड़ी से महज ढाई फीट ऊपर होने की वजह से हुई है। अगर समय पर बिजली विभाग ने खंभे लगाकर तार को ऊंचाई से गुजारा होता तो शायद इन दो मासूमों की जान बच जाती। रात



इसी तार में शॉर्ट सर्किट हुई और चिंगारी फूंस की झोपड़ी पर गिरी। इससे आग लग गई और देखते ही देखते सब कुछ तबाह हो गया। इस झोपड़ी में बिजली का कनेक्शन नहीं था।

घटना वाले क्षेत्र में लगभग 400 की आबादी है। इस मुहल्ले में ज्यादातर लोग सहनी यानी मल्लाह समुदाय से आते हैं। यहां के लोग मजदूरी और मखाना फोड़ने का काम कर अपना जीवन यापन करते हैं। इस मुहल्ले के अधिकतर बच्चे पास के ही सरकारी स्कूल में शिक्षा ले रहे हैं।

स्थानीय लोगों ने बताया कि कई बार बिजली के तार के नीचे झुले होने की शिकायत बिजली विभाग से की गई। लेकिन इसका कोई निराकरण नहीं निकला। स्थानीय युवराज सहनी ने बताया कि इस समस्या की शिकायत बार-बार की गई है। लेकिन इसका कोई समाधान नहीं निकला। इस बीच में बोला गया है कि बिजली के पोल लगवाए जाएंगे। वो भी तब जब ये घटना हो गई है। इससे पहले कोई सुनवाई नहीं थी।

रामविलास सहनी बताते हैं कि इस क्षेत्र में बिजली कल रात की घटना के बाद से बाधित पड़ी हुई है। बहुत बार शिकायत बिजली विभाग से की गई लेकिन वो अपने समय की सहूलियत के हिसाब से काम करते हैं।

भागिया देवी कहती है कि जिसके घर में घटना हुई है, उनके घर में ना कोई बिजली कनेक्शन था और ना ही गैस का कनेक्शन था। हमलोग कमजोर है, गरीब है। क्या कर सकते हैं।

स्थानीय राम कमल सहनी ने बताया कि बिजली विभाग बहुत गलती कर रहा है। कम से कम एक महीना या 15 दिनों में चेक करना चाहिए। पर ऐसा कुछ होता नहीं है। जब किसी की बिजली खराब होती है तो शिकायत के बाद भी विभाग कुछ नहीं करता है। घटना के वक्त जब बिजली काटने के लिए कहा गया तो विभाग की ओर से वीडियो बनाकर भेजने की बात कही गई।

इधर, बिजली विभाग के जेई सौरव कुमार ने बताया कि स्थानीय लोगों द्वार ही अपने घर के आसपास बिजली के खंभे लगाने का विरोध किया जाता था। गली पूरी सकरी है। अब सहमति बनी है तो जल्द ही काम को पूरा किया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि बिजली घटना के वक्त काट दी गई थी। इसके बाद बिजली चालू करने को लेकर आए कॉल पर उन्होंने कहा था कि आग बुझ गई है तो वीडियो भेजें।

# चुनाव से पहले क्यों पार्टी बदलते हैं नेता, सिर्फ शौक या मजबूरी भी?



**पटना, एजेंसी।** बिहार में दल बदलना शौक का मामला नहीं है। बहुत हद तक मजबूरी भी है। उम्मीदवार की मजबूरी कि वे जिस दल में हैं, वह उन्हें टिकट देने के लायक नहीं मानता। दलों की मजबूरी यह कि संबंधित क्षेत्र के लिए उनके पास सक्षम उम्मीदवार नहीं है। दल बदल से दोनों की मांग पूरी हो जाती है।

1990 के बाद राज्य में यही हो रहा है। महत्वपूर्ण यह है कि दल बदल करने वाले अधिसंख्य उम्मीदवार चुनाव जीत जाते हैं। अधिक दूर नहीं, 2014 के लोकसभा चुनाव परिणाम को देखें।

चुनाव से पहले ही यह अनुमान हो गया था कि इस बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के पक्ष में लहर चलेगी। मगर, उम्मीदवारों की खोज हुई तो पता चला कि भाजपा के पास कई सीटों के लिए सक्षम उम्मीदवार ही नहीं हैं। आनन-फानन में उम्मीदवार जुटाए गए।

जदयू से वीरेंद्र चौधरी, सुशील कुमार सिंह और छेदी पासवान, राजद से रामकृपाल यादव, बसपा से जनक राम, 2009 में सिवान से निर्दलीय चुनाव जीते ओम प्रकाश यादव एवं भारतीय प्रशासनिक सेवा के अवकाश प्राप्त अधिकारी आरके सिंह 2014 में भाजपा के उम्मीदवार बन गए।

भाजपा के संतोष कुशवाहा को जदयू और कांग्रेस के चौधरी महबूब अली कैसर लोजपा ने टिकट दे दिया। इनमें से वीरेंद्र चौधरी और ओम प्रकाश यादव को छोड़ कर सभी सांसद 2019 में भी चुनाव जीते।

2024 में इनमें से छेदी पासवान और चौधरी महबूब अली कैसर को उनके दलों ने बेटिकट कर दिया। 2009 में जदयू ने राजग के मंगनीलाल मंडल को झंझारपुर से अपना उम्मीदवार बनाया। 2014 जदयू ने उन्हें उम्मीदवार नहीं बनाया तो राजद टिकट टिकट पर चुनाव लड़कर हारे। इस बार फिर जदयू टिकट के प्रयास में थे। नहीं मिला।

2019 में भी यह सिलसिला जारी रहा। भाजपा के सुनील कुमार पिंटू और वीणा देवी को क्रमशः जदयू और लोजपा ने सीतामढ़ी और वैशाली से उम्मीदवार बनाया। वीणा इस बार भी टिकट लेने में सफल रही। पिंटू पिछड़ गए। 2024 में भी दल बदल करने वालों को टिकट देने वाला खाता खुला हुआ है।

अभय कुमार सिंह, लवली आनंद, विजय लक्ष्मी जैसे दूसरे दलों के नेता प्रतिद्वंद्वी दलों से टिकट हासिल करने में सफल हो चुके हैं। तीन से लेकर सातवें चरण तक के चुनाव की अधिसूचना अभी जारी नहीं हुई है। छह-सात दल बदलू टिकट अभी कतार में हैं।

# मस्तिष्क को प्रभावित करता है जापानी बुखार, बच्चों को लेकर रहे सतर्क

**बक्सर, एजेंसी।** जिले के दो साल के एक बच्चे में जापानी इंसेफेलाइटिस के लक्षण मिलने के बाद विभाग इसको लेकर अलर्ट हो गया है। जापानी इंसेफेलाइटिस के लिए जिम्मेवार जापानी इंसेफेलाइटिस वायरस एक फ्लेवी वायरस है, जो संक्रमित क्यूलेक्स ट्राइटेनिओरहाइन्चस नामक मच्छर के काटने से फैलता है। इसे आम भाषा में जापानी बुखार या दिमागी बुखार भी कहते हैं। जापानी इंसेफेलाइटिस सबसे पहले व्यक्ति के केंद्रीय मस्तिष्क (सेंट्रल ब्रेन) को प्रभावित करता है और फिर बाकी शरीर के कामकाज को प्रभावित कर सकता है।

सदर अस्पताल के पूर्व चिकित्सा पदाधिकारी डा. भूपेंद्र नाथ कहते हैं, इसमें व्यक्ति को तेज बुखार आता है। यह बुखार सिर पर चढ़ जाता है और फिर गर्दन में अकड़न, कोमा और न्यूरोलाजिकल जटिलताओं का कारण बन सकता है। यह संक्रामक बुखार नहीं है और न ही यह एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलता है। हालांकि, बच्चों को इस बीमारी से बचाने के लिए नियमित टीकाकरण के दौरान टीकाकृत किया जाता है।

जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डा. विनोद प्रताप सिंह ने बताया कि जापानी इंसेफेलाइटिस यानी जेई से बचाव के लिए नौ माह से एक साल तक के बच्चों को पहला टीका लगाया जाता है।



वहीं, 16 माह से 24 माह तक के बच्चों को जेई का दूसरा टीका लगाया जाता है।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2010 से यह टीका नियमित टीकाकरण में शामिल है। डा. भूपेंद्र ने बताया कि इस बीमारी से बचने के लिए शुद्ध पानी का उपयोग करना, जलजमाव से दूर रहना, खाने से पूर्व एवं शौच के बाद साबुन से हाथ धोना, मच्छरदानी का उपयोग करना जरूरी है। इससे बहुत हद तक इस घातक बीमारी से बचा जा सकता है। उन्होंने बताया कि जलीय पक्षी सारस, बगुला, बतख के कारण भी मस्तिष्क ज्वर होता है। पक्षी का जूठा फल खाने से भी यह बीमारी होता है।

# गर्मी की दस्तक का पड़ रहा बिजली पर असर, घंटों पावर कटौती से परेशान लोग



**गया, एजेंसी।** गर्मी शुरू होते ही शहर में बिजली की कटौती भी तेजी से होने लगी है। इसके चलते लोग गर्मी से परेशान हो गए है।

24 घंटे में कई घंटे उपभोक्ताओं को बिजली नहीं मिल रही है। जिससे लोगों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। हालांकि अत्यधिक कटौती रात में ही होती है।

इसके चलते घरों में लगे पंखे, कूलर आदि उपकरण काम करना बंद कर रहता है। इसके के अलावा दिन में दर्जनों बार कटौती की जाती है। बिजली की कटौती गर्मी शुरू होते बढ़ जाती है जबकि सर्दी के मौसम में बिजली की कटौती न के बराबर होती है।

शहर में बिजली की कटौती से गर्मी के साथ पेयजल संकट भी बढ़ जाता है। शहर में पाइपलाइन से पानी की आपूर्ति होती है। बिजली कटने के बाद आपूर्ति पूरी तरह से बंद हो जाती है। बिजली कटौती को लेकर विभाग एक ही दलील होता है कि तकनीकी खराबी के कारण बिजली की आपूर्ति बंद है। थोड़ी देर में आपूर्ति शुरू हो जाएगी।

शहर में 45 मेगावाट बिजली मिलने के बाद भी कटौती जारी है। शहर में सभी मोहल्लों में कवर तार भी लग रहा है लेकिन तेज हवा के चलते ही बिजली गुल हो जाती है।

शनिवार की रात आंधी आने के बाद कई घंटों तक शहर में बिजली की आपूर्ति ठप रही। इसके कारण शहर के लोग गर्मी से परेशान दिखे। करीब दो घंटे बाद बिजली आने पर लोगों को गर्मी से राहत मिली।

अधीक्षक अभियंता संजय कुमार बरियो शहर के लोगों को जरूरत के अनुसार बिजली मिल रही है। बिजली की कमी है। जरूरत पड़ने पर और बिजली की आपूर्ति होगी। अभी 45 मेगावाट आपूर्ति हो रही है। जहां तक बिजली गुल होने बात है तो तकनीकी खराबी आने के कारण हो रहा है। उसे सुधारने का काम किया जाएगा।

# जेडीयू ने जारी की स्टार प्रचारकों की लिस्ट, सीएम नीतीश कुमार, ललन सिंह और विजय चौधरी समेत 40 शामिल

**पटना , एजेंसी।** जेडीयू ने लोकसभा चुनाव के लिए स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी की है। नीतीश कुमार, ललन सिंह, विजय चौधरी, अशोक चौधरी, संजय झा, वीजेंद्र यादव, संजय सिंह, राम नाथ ठाकुर, लेसी सिंह, रत्नेश सदा, खालिद अनवर सहित 40 लोगों की सूची में शामिल किया गया है।

भागलपुर से महागठबंधन से कांग्रेस के उम्मीदवार अजीत शर्मा आज 11 बजे नामांकन किया। नॉमिनेशन के दौरान बिहार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह समेत अन्य नेता मौजूद रहे। कांग्रेस प्रत्याशी अजीत शर्मा नामांकन के बाद सैंडीस कंपाउंड में आम सभा को संबोधित करेंगे। सिंबल मिलने के बाद भागलपुर पहुंचने के बाद समर्थकों ने उनका जोरदार स्वागत किया। कांग्रेस उम्मीदवार अजीत शर्मा ने भ्रमरपुर दुर्गा मंदिर, मड़वा ब्रजलेश्वर धाम में पूजा अर्चना के बाद चादरपोशी की और दुआ मांगी।

कटिहार लोकसभा सीट से गुरुवार को दोपहर दो बजे एनडीए प्रत्याशी दुलालचंद गोस्वामी ने अपना पर्चा दाखिल कर दिया। इस दौरान कई नेता उनके साथ नजर आए।

वहीं पर्चा दाखिल करने के बाद मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि पहला चुनाव जीतने के बाद हमने बहुत काम किया। उद्योग से लेकर कृषि तक हर क्षेत्र में हमने काम किया। वहीं इस चुनाव में अगर जीत मिलती है तो दो महत्वपूर्ण काम जो अधूरा है उसे पूरा करना है। एक कटिहार से बांग्लादेश तक फोर लेन का काम और दूसरा गंगा पर पुल बनाने का काम। इसे सबसे पहले पूरा करने का काम करूंगा।

## संक्षिप्त समाचार

### एनएच 319 पर तेज रफ्तार वाहन ने मारी थी टक्कर, सासाराम सदर अस्पताल ले जाने के दौरान गई जान

**सासाराम, एजेंसी।** रोहतास के परस्थुआं ओपी क्षेत्र में एनएच 319 पर बरौटी कला गांव के पास एक अज्ञात वाहन के चपेट में आने से एक बाइक सवार युवक की बुधवार रात इलाज के दौरान मौत हो गई है। मृतक युवक की पहचान कैमूर जिले के सचिन कुमार के रूप में हुई है। बताते हैं कि युवक एनएच 319 पर मोहनिया कैमूर की तरफ जा रहा था। घटना परस्थुआं ओपी क्षेत्र की है।

इस क्रम में देर शाम बरौटी कला गांव के पास किसी अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जुटे लोगों द्वारा पुलिस को सूचना दी, और घायल युवक को इलाज के लिए कोचस के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां उसे हायर सेंटर रेफर किया गया। जहां सदर अस्पताल सासाराम में लाने के दौरान रास्ते में ही युवक कि मौत हो गई है।

मृतक के भाई के दोस्त ब्रजेश कुमार ने बताया कि एन एच 319 पर दुर्घटना हुई है। घायल को ऑटो से सीएचसी, कोचस लाया गया, जहाँ से सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। सदर अस्पताल लाने के क्रम में मौत हो गई।

परस्थुआं ओपी थानाध्यक्ष ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### नौकरी पेशा वाले मतदाताओं को लेकर बड़ा अपडेट, ईसीआई ने दी इस तरह वोट डालने की सहूलियत

**गया, एजेंसी।** भारत निर्वाचन आयोग हर मतदाता जो अपने संसदीय क्षेत्र में मतदान के दिन मौजूद नहीं होगा, तो उसके लिए खास सहूलियत दी है। ऐसे ही 19 अप्रैल को गया में जो सेवारत मतदाता मौजूद नहीं होगा, यानी वैसे मतदाता जो नौकरी यानी सेवारत मतदाता हैं, वे डाक के माध्यम से मतदान करेंगे।

गया जिले के 10 विधानसभा में कुल 8122 सेवारत मतदाता हैं। इसमें से करीब चार हजार सेवारत मतदाता गया संसदीय क्षेत्र के निवासी है। जिन्हें मत पत्र के जरीए 19 अप्रैल से पूर्व मतदान करना है।

इस बाबत जिला पदाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी डॉ.त्यागराजन एसएम ने बताया कि 10 विधानसभा में 8122 सेवारत मतदाता नौकरी कर रहे हैं। इसमें चार हजार मतदाता गया संसदीय क्षेत्र के हैं। गया संसदीय क्षेत्र में गया टाऊन, बोधगया, शेरघाटी, बाराचट्टी, वजीरगंज एवं बेलागंज विधानसभा क्षेत्र हैं।

इन विधानसभा के सेवारत मतदाताओं का उनके नाम और कार्यस्थल का पता प्राप्त हुआ है। इमामगंज, टिकारी और गुरुआ विधानसभा औरंगाबाद संसदीय क्षेत्र में हैं। अतरी विधानसभा जहानाबाद संसदीय क्षेत्र में आता है।

### 10 अप्रैल से भरे जाएंगे सेकेंड पार्ट के फॉर्म, एलएनएमयू ने जारी किया डेट शीट

**बेगूसराय , एजेंसी।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय ने ग्रेजुएशन सेकेंड पार्ट के परीक्षा फार्म भरने एवं थर्ड पार्ट के प्रैक्टिकल की तारीख घोषित कर दिया है। सेकेंड पार्ट के लिए फार्म 10 अप्रैल से भरा जाएगा। जबकि, थर्ड पार्ट का प्रैक्टिकल 18 अप्रैल से शुरू होगा।

बेगूसराय जिला सहित एलएनएमयू से जुड़े सभी कॉलेज में ग्रेजुएशन सेकेंड पार्ट के प्रतिष्ठा, सामान्य एवं अनुसांगिक विषय के परीक्षा के लिए फार्म 10 से 25 अप्रैल तक भरे जाएंगे। 26 से 30 अप्रैल तक 30 रुपया लेट फाइन के साथ फॉर्म भरा जाएगा। भरे गए फॉर्म में ऑनलाइन माध्यम से सुधार 5 से 8 मई तक किया जा सकता है।

यूनिवर्सिटी ने बेगूसराय जिला के छात्र-छात्राओं के लिए जीडी कॉलेज एवं श्री कृष्ण महिला कॉलेज (एसकेएम) को केंद्र बनाया है। जीडी कॉलेज में साइंस के शेष विषय, भूगोल एवं प्राचीन भारतीय इतिहास का प्रैक्टिकल सेंटर बनाया गया है। जबकि एसके महिला कॉलेज को होम साइंस, मनोविज्ञान, समाजशास्त्र, संगीत एवं नाट्य शास्त्र का सेंटर बनाया गया है।

# पर्यटक और दुकानदार में मारपीट, पांच जख्मी: नालंदा घूमने आए थे पटना के छात्र

**नालंदा, एजेंसी।** नालंदा के सिलाव थाना क्षेत्र अंतर्गत बाईपास इलाके में स्थित खाजा नगरी में बुधवार की देर शाम पर्यटक और स्थानीय दुकानदार में झड़प हो गई। इस घटना में आधा दर्जन लोग जख्मी हो गए। जिन्हें इलाज के लिए सिलाव प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।

घटना के संबंध में पटना के गौरीचक निवासी धीरज कुमार एवं ब्रह्म कुमार ने बताया कि बेलदरिया चक साइंस कोचिंग सेंटर के छात्र एवं छात्राएं नालंदा परिभ्रमण को राजगीर पहुंचे थे। जहां से सभी लोग बस पर सवार होकर वापस घर लौट रहे थे। इसी बीच सिलाव में बस को रोका गया और सभी लोग खाजा खरीदने लगे। इसी बीच एक छात्रा के साथ स्थानीय दुकानदार ने पैसे के लेन-देन को लेकर गाली गलौज कर दी। बस कर्मी एवं शिक्षकों के द्वारा विरोध के उपरांत स्थानीय लोग उग्र हो गए और लाठी डंडे रड से मारपीट करने लगे, जिसमें कई लोग जख्मी हो गए।

मारपीट की सूचना पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायलों को इलाज के लिए सिलाव पीएचसी में भर्ती कराया। वहीं, बस को रवाना कर दिया गया। मारपीट की घटना में स्थानीय एक दुकानदार भी मामूली रूप से चोटिल हो गया।

सिलाव थाना अध्यक्ष इरफान खान ने बताया कि दोनों पक्षों से आवेदन प्राप्त हुआ है। पुलिस मामले की तहकीकात में जुट गई है। जांच उपरांत ही मामला स्पष्ट हो सकेगा। कुछ लोगों को चोट आई है जिनका इलाज स्थानीय पीएचसी में कराया गया है। खाजा के कमिशन को लेकर मारपीट की बात सामने आ रही है।

# सोशल एक्टिविस्ट पर दर्ज हुआ केस, नीमचक बथानी अनुमंडल के डीएसपी प्रकाश ने की कार्रवाई

**गया, एजेंसी।** गया के नीमचक बथानी अनुमंडल के डीएसपी प्रकाश कुमार ने बताया कि 2 अप्रैल को गोल्डन दास नामक व्यक्ति सक्षम प्राधिकार से पूर्व अनुमति के भारी संख्या में लोगों को उकसाकर खिजरसराय थाना परिसर में नाजायज मजमा लगाकर हुडदंग और नारेबाजी किया गया था।

नीमचक बथानी डीएसपी ने बताया कि वर्तमान में लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर आचार संहिता को लेकर धारा 144 लागू है। जिसे कथित लोगों द्वारा घोर उल्लंघन किया गया। घटना को लेकर इस संबंध में खिजरसराय थाना कांड संख्या 109/24 विभिन्न सुसंगत धाराओं के साथ 143,147,149,188 दर्ज कार्रवाई की जा रही है।

नीमचकबथानी डीएसपी प्रकाश कुमार ने



बताया कि पिछले सप्ताह 2 पक्षों के बीच विवाद की घटना को लेकर खिजरसराय थाना कांड संख्या-97/24 मार्च को ही दर्ज किया गया था। इस मामले में एसएसपी आशीष भारती द्वारा कांड के संवेदनशीलता को देखते हुए कांड के अभियुक्त को अविलंब गिरफ्तार कर अपर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नीमचक बथानी मेरे खुद के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया जा चुका है। इसमें थानाध्यक्ष खिजरसराय थाना के पुलिस पदाधिकारी और कर्मी को शामिल किया गया था।

उक्त टीम द्वारा दो अभियुक्तों को पहले ही गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भी भेजा जा चुका है। अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। उनकी भी गिरफ्तारी कर ली जाएगी। एसएसपी आशीष भारती के निर्देश में गया पुलिस लोकसभा चुनाव को भय मुक्त निष्पक्ष और शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर दृढ़ संकल्पित होकर कार्य कर रही है। पुलिस द्वारा सोशल मीडिया सेल अन्य माध्यमों से 24×7 नजर रखी हुई है।

# बाइक की डिक्की से 20 लाख रुपए बरामद: युवक गिरफ्तार

## वाहन जांच के दौरान मीरगंज थाना की पुलिस ने की कार्रवाई

**गोपालगंज, एजेंसी।** गोपालगंज के मीरगंज थाना क्षेत्र में सवरेजी गांव के पास पुलिस ने एक बाइक की डिक्की से 20 लाख रुपया बरामद किया है। युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ किया जा रहा है। हथुआ एसडीपीओ आंनद मोहन गुप्ता ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर गोपालगंज सीमा पर सभी वाहनों की जांच को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान मीरगंज पुलिस ने सवरेजी गांव के पास एक बाइक सवार को रोक कर जब तलाशी ली तो उसके बाइक की डिक्की से करीब 20 लाख रुपया बरामद किया गया। इसके बाद मामले में युवक को हिरासत में लिया गया है। पूछताछ के दौरान युवक ने बताया है कि यह रुपया किसी कंपनी को देने जा रहा था।

# बछवाड़ा विधानसभा के भीखमचक में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की बैठक हुई

चाणक्य भूमि। मंसूरचक बेगुसराय

लोकसभा चुनाव की तैयारी केक्रम में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की बैठक बछवाड़ा विधानसभा कभीखमचक के ईश्वर उत्सव हॉल में आयोजित की गई है । बैठक की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी मनसुरचक के मंडल अध्यक्ष मनोज गुप्ता एंव मंच संचालन जडयु के पवन पोद्दार ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री सह बेगुसराय सांसद गिरिराज सिंह ने कहा कि बेगुसराय की लड़ाई विकास और विनाश के बीच में है एक तरफ भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगवाई में बेगुसराय में पचास हजार करोड़ से अधिक की विकास योजनाएं ग्रहण कर रही है। वहीं बेगुसराय में कल कारखानों को बंद करने तथा अराजकता फैलाने वाली विरोधी ताकत पुनः बेगुसराय में अपना वजूद





तलाश रही है। बेगुसराय के लोगों ने बरसों पूर्व बेगुसराय को अराजकता के अंधी के दौर में धकेलनेवाले वामपंथी ताकतों का सफाया कर दिया था । उन्होंने कार्यकर्ताओं को उत्साहित करते हुए कहा कि बेगुसराय ने जिस प्रकार राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को बड़ी मजबूती के साथ रिकॉर्ड मतों से जन समर्थन दिया थाफिर एक बार विकास के रास्ते पर आगे बढ़ चुके बेगुसराय को फिर जनसमर्थन देकर नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करेंगे । बिहार सरकार केखेल मंत्री सुरेंद्र मेहता ने कहा किबिहार में डबल इंजन की सरकार केसाथ विकास की गति तीव्र हुई है और बेगुसराय में भी आने वाले दिनों में विकास की गति को आगे बढ़ाने केलिए फिर से बेगुसराय सहित बिहार में सभी सीटों पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के सभी उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करना हम कार्यकर्ताओं का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि बेगुसराय में विकास विरोधी लाल झंडे के लोगों ने वर्षों पहले खत्मकर दिया था । विकास को अवरोध पैदा करने के लिए सर उठा रही है जिसे सफाया करना बेगुसराय के विकास के लिए आवश्यक है। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व विधान पार्षद राजनिश कुमार सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के सभी घटक दल बूथ स्तर तक समन्वय बनाकर मजबूती के साथ लोकसभा चुनाव केमैदान में उतरे हैं और इस बार रिकार्डमतों से गिरिराज सिंह की जीत होगी।


राजकिशोर सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के घटक दलों के समन्वय से पिछले बार की तरह इस बार भी रिकॉर्ड मतों से बढ़त मिलेगी । बैठक में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष राजीव कुमार वर्मा,भाजयुमो जिलाध्यक्ष सुमित सन्नी,सासंद प्रतिनिधि प्रभाकर कुमार राय, हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के जिला अध्यक्ष पीयूष कुमार, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अनिल कुमार सिंह,लोकसभा संयोजक कृष्ण मोहन पप्पू, रौनक कुमार, मृत्युंजय कुमार वीरेश, जिला महामंत्री रामप्रवेश साहनी, राकेश पांडे, कुंदन भारती जिला महामंत्री, मनसुरचक निर्वतमान भाजपा मंडल अध्यक्ष केदारनाथ दत्त झा, मनसुरचक भाजयुमो अध्यक्ष नीतीश ईश्वर, निर्वतमान भाजयुमो जिलाध्यक्ष राममूर्ति चौधरी सभी पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष और वरिष्ठ एंव कनिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे

## संक्षिप्त समाचार

### चार कारतूस के साथ अपराधी गिरफ्तार



जप्त कारतूस



विकाश कुमार

**बेगुसराय**। चकिया थानांतर्गत ग्राम सिमरिया घाट स्थित मोहन होटल के पास से पुलिस टीम द्वारा 01 अपराधकर्मी को 04 जिन्दा कारतूस के साथ किया गया गिरफ्तार। घटना का विवरण :- दिनांक 03/04.04.24 को समय करीब 01:00 बजे रात्रि में चकिया थानाध्यक्ष पु०अ०नि० निरज कुमार चौधरी, पु०अ०नि० पवन कुमार सिंह एवं सशस्त्र बल एवं CAPF बल द्वारा संयुक्त रेड छापेमारी के क्रम में सिमरिया घाट मोहन होटल के पास से एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा गया। पुलिस टीम द्वारा पुछताछ करने पर अपना नाम विकाश कुमार पे०-गुलो महतो सा०-सिमरिया घाट नया कसहा, थाना-मरॉची जिला-पटना बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से 04 जिन्दा कारतूस बरामद हुआ तथा पकड़ाये व्यक्ति को विधिवत गिरफ्तार किया गया। विधिसम्मत आवश्यक अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। **दर्ज कांड** :- चकिया थाना कांड सं0-08/24 दिनांक-04.04.24 धारा-25 (1-बी) ए/26 आर्म्स एक्ट बरामदगी / जप्ती :- (1.) कारतूस :- 04 **गिरफ्तार अभियुक्त का नाम / पता** :-(1.) विकाश कुमार, पे०- गुलो महतो, सा०-सिमरिया घाट नया कसहा, थाना-मरॉची, जिला-पटना।

### पुरानी रंजिश में हुई मारपीट, युवक हुआ घायल, जान से मारने के नियत से किया हमला



**छौराही बेगूसराय**। थाना क्षेत्र के अमारी पंचायत अंतर्गत बरदाहा गांव से धारदार हथियार से जान करने के नियत से घायल करने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी देते बरदाहा गांव निवासी बबलू झा का पुत्र विवेक झा ने बताया कि मैं अपने बाइक से आ रहा था घात लगा ये अरुण झा रामजीवन झा पिता रामचंद्र झा समेत अन्य अज्ञात पांच के साथ मुझे रोक कर गाली गलौज करने लगा मना करने पर मेरे गाड़ी को क्षतिग्रस्त कर दिया विरोध करने पर अरुण झा धारदार हथियार से मुझ पर वार कर दिया रोकने के क्रम में उसने मेरा हाथ जख्मी कर दिया और रामजीवन झा जब से 500 निकाल लिया अन्य अपराधी बेरहमी से हमें मरने लगे चिल्लाने पर ग्रामीणों के सहयोग से जान बची इसकी सूचना छौराही पुलिस को दिया हूं। थाना अध्यक्ष पवन कुमार सिंह ने बताया कि आवेदन मिला है जांच कार्यवाही की जाएगी।

### झोपड़ी से निकला है चांद



**छौराही बेगूसराय**। प्रखंड क्षेत्र के संवत पंचायत अंतर्गत बखड्डा गांव निवासी अनिल कुमार का पुत्र ए बी प्रिंस 10वीं बोर्ड परीक्षा में प्रथम स्थान लाकर अपने माता-पिता ही नहीं गांव और विद्यालय का नाम रोशन किया है। जानकारी देते प्रिंस ने बताया कि मेरी प्राथमिक शिक्षा उत्क्रमित मध्य विद्यालय बाद बखड्डा पूर्वी से प्राप्त किया और दसवीं राज की आकृति उच्च विद्यालय छौराही मटिहानी से प्राप्त किया है। कुल अंक 444 गणित में 92 प्राप्त किया है। उन्होंने बताया कि इसका श्रेय माता विभा कुमारी और पिता अनिल कुमार शिक्षक प्राइवेट रंजीत कुमार का मिला है। बताते चलें सुदूर क्षेत्र में झोपड़ी में रहने वाले खेतों में काम करने वाले मजदूर का बेटा अपने विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। शायद नई शिक्षा व्यवस्था का परिणाम भी हो सकता है। प्रिंस के पिता अपने पुत्र को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया।

### दमकल कर्मी के सहयोग से आग पर पाया गया काबू



**बखरी बेगूसराय**। गुरुवार को बखरी में एक बड़ी आगलगी की घटना होते होते टल गया। प्रात जानकारी के मुताबिक बखरी प्रखंड के चकचनरपत पंचायत अंतर्गत सुग्गा वार्ड एक ढेनुवा रेलवे ढाला किनारे सुबह-सुबह लोगों को आग की लपटे दिखा।आग की लपटे काफी तेजी से सैकड़ो एकड़ में लगे गेहूं की फसल की ओर बढ़ रहे थे। आग को बढते देख किसानों के हाथ पांव फूलने लगे। तभी वहां मौजूद लोगों द्वारा अग्निशमन विभाग को सूचना दिया गया। सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग के संतोष प्रधान, विनोद कुमार दमकल लेकर पहुंचे और तत्काल आग पर ग्रामीणों के सहयोग से काबू पाया। बताते चलें कि ढेनुवा बाद में सैकड़ो एकड़ में लोगों का गेहूं एवं गन्ना का फसल लगा हुआ है।

### रसलपुर पंचायत के दहिया बहियार में अचानक आग लगने से पांच बीघा तैयार गेहूं की फसल जलकर हुआ राख



**भगवानपुर बेगुसराय**। भगवानपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत रसलपुर पंचायत के दहिया बहियार में अचानक आग लगने से पांच बीघा गेहूं की तैयार फसल जलकर पूरी तरह से राख होने का मामला प्रकाश में आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार की दोपहर में दहिया बहियार में अचानक तैयार गेहूं की फसल में आग लग गई। जिसके बाद किसानों ने अग्नि शमन विभाग की टीम को सूचना दिया वही मौके पर पहची अग्नि शमन की टीम ने किसानों की मदत से आग पर काबू पा लिया। तब तक देखते ही देखते दहिया के किसान जोरावर सिंह का चार बीघा, चंदन राय का 10 कट्टा एवं नीलू राय 10 कट्टा गेहूं की तैयार फसल जलकर पूरी तरह से राख हो गया। वही किसानों ने प्रखंड प्रशासन से जाचोपरांत उचित मुआवजा देने की मांग किया है।

### आवारा कुत्ते ने मचाई तबाही दर्जनों बच्चों को बनाया अपना निशाना

**बेगुसराय**। बेगूसराय में एक बार फिर से आवारा कुत्तों का दहशत देखने को मिला है, जहां सड़क पर खेल रहे दर्जन भर बच्चों को नोच नोच कर जख्मी कर दिया । इस घटना के बाद ग्रामीणों में हरकंप मच गया, आनन फानन में घायल सभी बच्चों को परिजन और ग्रामीणों के सहयोग से सदर अस्पताल बेगूसराय में इलाज हेतु भर्ती करवाया । पूरा मामला बेगूसराय सदर प्रखंड के सिंघौल थाना क्षेत्र के बिनोदपुर पंचायत का है, ज़ख्मियों में रतौली गांव निवासी आलोक कुमार का चार वर्षीय पुत्र रवि कुमार, विनोदपुर निवासी गुलशन कुमार का पुत्र यश कुमार, राजीव कुमार का पुत्र पार्थ भारद्वाज, आयुष कुमार सहित अन्य घायल हुए, परिजनों ने बताया कि एक ही कुत्ता सभी बच्चों पर हमला किया । कुछ बच्चे अपने घरों में थे और कुछ बच्चे सड़क पर खेल रहे थे । अचानक कुत्ते ने हमला कर बच्चों को गंभीर रूप से घायल कर दिया । सभी का इलाज सदर अस्पताल बेगूसराय में चल रहा है ।

## बेगूसराय जिला के दो युवा नेता को कांग्रेस का स्टार प्रचारक बनाने पर कांग्रेसियों में हर्ष

चाणक्य भूमि। बेगूसराय

बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष शिव प्रकाश गरीब दास और NSUI के राष्ट्रीय प्रभारी कन्हैया कुमार को लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी की ओर से स्टार प्रचारक बनाए जाने पर मंसूरचक प्रखंड कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष बालेश्वर महतो ने खुशी जताते हुए कहा कि दोनों नेताओं ने संगठन के प्रति वफादारी और अपने कुशल नेतृत्व के साथ ही अपने विराट कार्य क्षमता की बदौलत आज बिहार ही नहीं संपूर्ण देश में बेगूसराय जिला को गौरवान्वित किया है। कांग्रेस पार्टी हमेशा से संगठन के प्रति मेहनती, ईमानदार एवं जुझारू युवाओं को राजनीति में आगे बढाती रही है।जिसका उदाहरण है कि बेगूसराय जिला के उगते हुए



दो युवा नेता को स्टार प्रचारक बनाने के लिए उन्होंने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस की चेयरपर्सन सोनिया गांधी,पूर्व अध्यक्ष जननायक राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, बिहार कांग्रेस प्रभारी मोहन प्रकाश एवं कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह का आभार प्रकट किया। कांग्रेस नेता राजू सिंह,रामकुमार चौधरी, बछवाड़ा विधानसभा युवा कांग्रेस के अध्यक्ष सुदर्शन कुमार,राम कल्याण महतो, पैक्स अध्यक्ष राजेश कुमार, उपमुखिया मो० जावेद,मो० राजा,आरजू, मंडल अध्यक्ष संजय पासवान, श्यामनंदन महतो,अशोक महतो, टीम कन्हैया के सूरज कुमार, मधुकांत कुमार, राजकिशोर गुप्ता, पूर्व मुखिया नुरूल्ला अंसारी, सलामत, अमीनुद्दीन, रामसेवक यादव आदि ने भी खुशी जाहिर कर कांग्रेस आलाकमान का आभार जताया है।

## आवारा कुत्ते ने मचाई तबाही दर्जनों बच्चों को बनाया अपना निशाना

चाणक्य भूमि। बेगुसराय

बेगूसराय में एक बार फिर से आवारा कुत्तों का दहशत देखने को मिला है, जहां सड़क पर खेल रहे दर्जन भर बच्चों को नोच नोच कर जख्मी कर दिया । इस घटना के बाद ग्रामीणों में हरकंप मच गया, आनन फानन में घायल सभी बच्चों को परिजन और ग्रामीणों के सहयोग से सदर अस्पताल बेगूसराय में इलाज हेतु भर्ती करवाया । पूरा मामला बेगूसराय सदर प्रखंड के सिंघौल थाना क्षेत्र के बिनोदपुर पंचायत का है, ज़ख्मियों में रतौली गांव निवासी आलोक कुमार का चार वर्षीय पुत्र रवि कुमार, विनोदपुर निवासी गुलशन कुमार का पुत्र यश कुमार, राजीव कुमार का पुत्र पार्थ भारद्वाज, आयुष कुमार सहित अन्य घायल हुए, परिजनों ने बताया कि एक ही कुत्ता सभी बच्चों





पर हमला किया । कुछ बच्चे अपने घरों में थे और कुछ बच्चे सड़क पर खेल रहे थे । अचानक कुत्ते ने हमला कर बच्चों को गंभीर रूप से घायल कर दिया । सभी का इलाज सदर अस्पताल बेगूसराय में चल रहा है ।

## लोकसभा चुनाव के मद्देनजर डीआईजी व एसपी ने बॉर्डर एरिया का किया निरीक्षण, विधि व्यवस्था की समीक्षा कर थाना अध्यक्ष को दिये आवश्यक निर्देश



चाणक्य भूमि। छौड़ाही बेगुसराय

आसन्न लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां तेज कर दी गयी है। जिसकी तैयारियों का जायजा लेने गुरुवार को डीआईजी राशिद जमा व एसपी मनीष कुमार भारी पुलिस बल के साथ छौड़ाही पहुंचे। इस दौरान दोनों पुलिस अधिकारियों ने संयुक्त रूप से सर्वप्रथम थानाध्यक्ष से विधि व्यवस्था की समीक्षा की। जिसके बाद पुलिस अधिकारी बेगूसराय व समस्तीपुर की सीमा से लगे सिहमा चौक पहुंचे। जहां बार्डर एरिया का निरीक्षण कर स्थानीय पुलिस से प्रभावी रूप से जिले के बॉर्डर पर संदिग्ध गतिविधि, ब्लैक मनी संचरण, सीमावर्ती क्षेत्रों में नियमित पेट्रोलिंग व बॉर्डर पर नाकाबंदी कर चेकिंग अभियान चलाने, संवेदनशील मतदान केन्द्रों का भ्रमण करने का निर्देश दिया। मौके पर मंझौल एसडीपीओ नवीन कुमार, पुलिस निरीक्षक निगम कुमार वर्मा, थानाध्यक्ष पवन कुमार सिंह अधिकारियों के साथ मुस्तैद दिखे।

## बहियार में बिजली की शोर्ट सर्किट की चिंगारी से लगी आग , लगभग पच्चीस बीघा गेंहू का फसल जलकर हुआ राख





चाणक्य भूमि। बछवाड़ा ( बेगूसराय )

थाना क्षेत्र के फतेहा पंचायत के गोयला बहियार में गुरूवार की दोपहर बिजली की शोर्ट सर्किट की चिंगारी से लगी आग में लगभग पच्चीस बीघा में लगी गेंहू फसल जलकर राख हो गया। आग की लपटे इतनी तेज थी कि देखते ही देखते एक खेत के बाद दुसरे खेत में तेजी से आग बढ़ रही थी। बहियार रहने के कारण पछुआ हवा की झोंका के साथ भीषण गर्मी आग को बिकराल रूप लेने पर घी का काम कर रही थी। आग की लपटे इतनी तेज थी कि कोई भी आग के नजदीक पहुंचने का साहस नहीं जुटा पा रहा था। आग की लपटे के कारण पुरा आसमान धुआं धुआं सा नजर आ रहा था। वही आसमान में आग की धुआं देखकर आसपास के किसान बहियार की ओर साइकिल, मोटरसाइकिल से भागे भागे जा रहे थे। वही बहियार से घटना की सूचना बछवाड़ा पुलिस समेत किसानों को दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही फतेहा बहियार में लोगों की भीड़ लग गई। और लोग मकई का पेड़ तोड़कर आग बुझाने में लगे गये। वही कुछ लोग पम्प सेंट चलाकर पानी बुझाने में लगे गये। वही आग लगने की सूचना पर पहुंची दो अग्नीशामक गाड़ी व स्थानीय लोगों के अथक प्रयास के बाद आग पर किसी तरह काबू पाया गया। वही गेहूं के खेत के बगल में मकई का खेत रहने के कारण लोगों को आग पर काबू पाने में सहुलियत हो सका। अन्यथा बहियार के सैकड़ों बीघा खेत में लगी गेंहू का फसल जलकर राख हो जाता।

इस घटना में फतेहा के किसान विभूति भुषण,अविनीश चौधरी, रामाधार सदा, शंभू शंकर चौधरी, महेन्द्र सदा, स्वेत कुमार चौधरी, आशुतोष चौधरी, बाबु साहव चौधरी समेत अन्य किसानों का लगभग पच्चीस बीघा गेहूं का फसल जलकर राख हो गया। घटना की सूचना पर अंचलाधिकारी प्रीतम गौतम घटना स्थल पर पहुंचकर किसानो के गेहूं के खेतो में जले फसल का जायजा लिया। आगलगी घटना को लेकर अंचलाधिकारी बछवाड़ा प्रीतम गौतम ने बताया कि हल्का राजस्व कर्मचारी को घटनास्थल पर भेजा गया है । राजस्व कर्मचारी के द्वारा फसल क्षति का मुआयना किया जा रहा है। राजस्व कर्मचारी के जांच प्रतिवेदन से वरिय पदाधिकारी को अवगत कराया जाएगा । वरिय पदाधिकारी से मिले निर्देश के आलोक में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## महाराणा प्रताप परशुराम व्यायामशाला की ओर से कैड़वाड़ी के श्रमिक दुर्गा स्थान में युवाओं को मिलेगा प्रशिक्षण

चाणक्य भूमि। बरौनी/ बेगूसराय

अपने पुराने बुजुर्गों की दिखाए गए रास्ते पर युवाओं की टोली द्वारा महाराणा प्रताप परशुराम व्यायाम शाला और बजरंग दल के सैकरो युवाओं द्वारा हर साल की तरह इस साल भी व्यायाम शाला की शोभा यात्रा को लेकर सजग दिख रहे हैं। कई दशकों पूर्व मकसूदन गुरु, सूरज गुप्ता गुरु, महेश प्रसाद गुप्ता गुरु , शिवनंदन शर्मा गुरु के देहब आसान होने के बाद भी उनके बताए गए रास्ते पर उनके टोली के युवाओं द्वारा व्यायाम शाला शोभा यात्रा की भव्य तैयारियां की जा रही है। जिन्होंने अपने परिश्रम से अपने-अपने युवाओं को पुराने परंपराओं के शास्त्रों से अपने कलाओं को प्रदर्शित करने का मार्ग दिखाया था। जिसके लिएनवयुवक सेवा संस्थान के सदस्यों ने आगामी 18 अप्रैल 2024



को रामनवमी के शुभ अवसर पर आयोजित होने वाली महाराणा प्रताप परशुराम व्यायामशाला के बैनर तले आयोजित शोभायात्रा (झांकी) को सफल बनाने के लिए श्रमिक दुर्गा स्थान कैड़वाड़ी, फुलवड़िया में बैठक आयोजित की गई, बैठक की अध्यक्षता स्थानीय वरिष्ठ सदस्य अशोक महतो उर्फ सुदामा जी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

समाजसेवी नीरज पटेल तथा उमेश साह ने बच्चों तथा युवाओं के परम्परागत शस्त्र जैसे लाठी, तलवार, भाला, फरसा, बनेठी आदि का प्रशिक्षण श्रमिक दुर्गा स्थान कैड़वाड़ी प्रांगण में आयोजित करने का प्रस्ताव रखा है। जिसका बैठक में सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से स्वीकार किया। दिनांक 4 अप्रैल के संध्या 5 बजे से शोभायात्रा आयोजन की पूर्व संध्या तक यह प्रशिक्षण शिविर आयोजित होगा। बैठक में शामिल स्थानीय लोगों ने बड़ी संख्या में युवाओं के प्रशिक्षण प्राप्त करने का अनुमान जताया है।मौके पर सचिव रत्नेश गुप्ता, उपाध्यक्ष प्रशान्त कुमार, संयोजक दिवाकर गुप्ता, कर्मवीर गुप्ता, विजय मेहता, छतीस कुमार, राहुल कुमार, उत्तम कुमार, प्रेमजीत कुमार, राजकुमार महतो, सहित सैकड़ों युवा मौजूद रहे।अयोध्या में 23 जनवरी को रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत लोगों में काफी हर्ष है, और उसके मध्यनजर युवाओं द्वारा इस साल पुराने शास्त्रों के द्वारा अपने कला का प्रदर्शन करने एवं मोटरसाइकिल शोभा यात्रा निकलने का भव्य आयोजन किया जा रहा है। जिसको लेकर क्षेत्र के लोगों में काफी उत्साह देखा जा रहा है।

## शिक्षक शत्रुघ्न साह की श्रधांजलि सभा



चाणक्य भूमि। तेघड़ा बेगुसराय

तेघड़ा प्रखंड के गौड़ा एक पंचायत के वार्ड नं एक निवासी स्व० रूपलाल साह जी के सुपुत्र शिक्षक शत्रुघ्न साह जी का श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता वैश्य जागरण मंच के बेगुसराय जिला अध्यक्ष बुटन साह ने किया तथा मंच संचालन कानू विकास संघ के जिला उपाध्यक्ष सुनील कुमार साह ने किया।जिसमें मुख्य अतिथि वैश्य जागरण मंच के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष डा० राजकुमार आजाद, राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती पूनम आजाद, अवकाश प्राप्त प्रधानाचार्य होरील साह, समस्तीपुर जिला अध्यक्ष डा० आर० के ० साह,डा० दुखा साह, इन्द्र देव साह,राम सोगारथ साह आदि नेताओं ने स्व० शत्रुघ्न साह जी के तैलीय चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया तथा उनके जीवन पर प्रकाश डाला। डा० राजकुमार आजाद ने संबोधित करते हुए कहा कि गुरु नहीं होता तो व्यक्ति भगवान को नहीं जान सकता था और ना ही पहचान सकता था इसलिए गुरु का महत्व भगवान से भी ज्यादा है । गुरु का ऋण शिष्य ही नहीं बल्कि समाज को चुकाना पड़ता है। स्व० शत्रुघ्न साह जी के इकलौते पुत्र पप्पू कुमार और भाई महेंद्र साह तथा भतीजा चंदन, कुंदन ने सभी अतिथियों को पुष्पों की माला पहनाकर तथा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया तथा सभी अतिथियों तथा वैश्य स्वजातियों को स्वादिष्ट पूर्ण भंडारा करवाकर सम्मानपूर्वक विदा किया।

# दुबौलिया स्थित शुभवंती प्रोफ़ेशनल संस्थान को बीबीए और बीसीएकी पढ़ाई की मिली अनुमति

- एआईसीटीई ने दिया अप्रूवल
- ग्रुप निदेशक समेत छात्र छात्राओं ने जताया हर्ष

चाण्क्य भूमि(कनकलता)


पॉलिटेक्निक कॉलेज के निदेशक मंडल

**बेतिया।** शिक्षित बेरोजगार युवकों के लिये खुश खबरी है।अब उन्हें बीबीए और बीसीए की पढ़ाई के लिये यूनिवर्सिटीज का चक्कर नही लगाना पड़ेगा।दुबौलिया स्थित शुभवन्ति इंस्टिट्यूट ऑफ़ प्रोफेशनल एजुकेशन संस्थान को वितीय वर्ष 2024-25 के लिए अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् ने अनुमोदन पत्र निर्गत किया है। जिसमें बीबीए और बीसीए कॉर्सेज को शामिल किया गया है। इस अनुमोदन के मिलने से संस्थान के चेयरमैन, ग्रुप डायरेक्टर , शिक्षकों, एवं छात्रों में ख़ुशी की लहर है। क्यों कि इन बिषयो का पुनः इस सत्र मैं नामांकन सह शैक्षणिक कार्य निर्धारित रूप से परिचालित होगा । इस अवसर पर हमारे ग्रुप निदेशक डॉक्टर रविनाथ कुमार, प्राचार्य रवि भूषण कुमार, डॉक्टर अफ़रोज़ आलम, अमित कुमार, अभय सिंह एवं पंकज कुमार ने अनुमोदन मिलने पर भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद का आभार व्यक्त किया है। संस्थान के चेयरमैन सतीश कुमार राय ने बताया कि इस क्षेत्र के इन विषयो मैं रूचि रखने वाले छात्रों को शिक्षा प्राप्त करने में सहूलियत होगी। जो वंचित छात्र शहर में जाकर पढाई करने में असमर्थ है उनके लिए सुनहरा अवसर उपलब्ध है। संस्थान में स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के माध्यम से भी नामांकन लेकर पढाई कर सकते है।अप्रूवल मिलने के बाद छात्र छात्राओं में हर्ष व्याप्त है।

# अष्टधातु की मूर्ति के साथ तस्कर गिरफ्तार, भेजा गया जेल



चाण्क्य भूमि(अमित श्रीवास्तव) सिकटा

**सिकटा।** पुलिस ने अष्टधातु की मूर्ति के साथ एक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए तस्कर का पहचान कंगली थाना के पोखरिया निवासी हरेन्द्र बैठा का पुत्र मनोहर बैठा(34) वर्ष के रूप में हुई है। इसकी गिरफ्तारी बॉडर पीलर नंबर 405 के समीप से थानाध्यक्ष कफील अजहर ने की।उन्होंने बताया कि सेनवरिया एसएसबी को सूचना मिली थी कि एक तस्कर नेपाल से मूर्ति की चोरी कर सीमा पार करने वाला है। जिसके आलोक में कंगली थाना के सहयोग से बॉडर पर जवानों की तैनाती की गई थी। इसी बीच पीलर नंबर 405 के समीप से एक आदमी पैदल आते नजर आया। उसे बुलाया गया लेकिन पास आने के बदले वह भागने लगा। उसे खदेड़कर पकड़ा गया। तलाशी लेने फर उसके पास एक प्लास्टिक के झोला से गोल्डेन ब्लैक धातू की मूर्ति का नीचला हिस्सा बरामद किया गया। इसका वजन करीब 6 किलो है। पुलिस ने इसे जप्त कर लिया। इस आरोपी तस्कर को प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेजा गया।







# मैट्रिक परीक्षा में अव्वल छात्रों को मुखिया ने किया सम्मानित



चाण्क्य भूमि। छपरा

मैट्रिक की परीक्षा में प्रथम स्थान लाकर बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों को मांझी प्रखंड के मरहा पंचायत के मुखिया मुन्ना साह द्वारा गुरुवार को आयोजित समारोह में सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए मुखिया प्रतिनिधि उदय शंकर सिंह ने कहा कि मैट्रिक की परीक्षा छात्रों की जीवन की सीमा रेखा की तरह होता है, जिसमें सफलतापूर्वक पार कर लेने वाले छात्रों के लिए उच्च शिक्षा के रास्ते खुल जाते हैं। मौके पर स्थानीय मुखिया ने सभी छात्र-छात्राओं को आकर्षक उपहार देकर व मेडल पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि आप सबों के बेहतर प्रदर्शन से पंचायत के लोग खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। सम्मानित होने वाले छात्र छात्राओं में पँचायत क्षेत्र के पटख़ौली निवासी सुरभि कुमारी 435 अंक, धरहरा निवासी सोहनी कुमारी 428 अंक, पटख़ौली निवासी सन्नी कुमार 427 अंक, धरहरा निवासी कुमकुम कुमारी 426 अंक, पटख़ौली निवासी बिक्की कुमार 416 अंक, नटवर गोपी निवासी खुशी कुमारी 401 अंक, सबदरा निवासी मोहित कुमार 445 अंक हासिल करने वाले छात्र शामिल थे।

# महोदीपुर के अग्निपीड़ितों में राहत सामग्री का वितरण

## समाजसेवी रूपेश सिंह ने मदद के लिये बढ़ाये हाथ

चाण्क्य भूमि(कनकलता)


राहत सामग्री का वितरण करते समाजसेवी

**बेतिया।** गुरुबार को महोदीपुर के अग्नि पीड़ितों में समाजसेवी सह युवा नेता ने राहत सामग्रियों का वितरण किया।साथ ही अग्नि पीड़ित जहरूदीन अंसारी की नेक दुखतर के निकाह में भी यथा संभव मदद करने का आश्वासन दिया।रूपेश कुमार सिंह के जिंदा दिली को देखकर अग्निपीड़ितों ने राहत की सांस ली है।बताते चले कि बुधवार के अपराहन महोदीपुर में एक ही समुदाय का पांच घर जलकर नष्ट हो गया। बताते चले कि महोदीपुर पंचायत के खैरवा टोला वार्ड 1 में बुधवार को अचानक लगी आग में एक ही समुदाय का पांच घर जल कर नष्ट हो गया।अग्निशमन के प्रयास से आग पर काबू पाया गया तबतक पांच घर आग की भेंट चढ़ गया। अगलगी में नसरुद्दीन अंसारी,जहरुद्दीन अंसारी,,तौकीर आलम,मजीद अंसारी,और अवशीर आलम का घर धूं धूं कर जल गया।पछिया हवा का झोंका बड़ी तेज था।ग्रामीण जब तक गोलबंद होते और अग्निशमन यंत्र आया तबतक पांच घर जलकर बर्बाद हो गया। ग्रामीणों ने सीओ मझौलिया को सूचना दी ,परन्तु प्रशासन की ओर से राहत मुहैय्या नही किया गया।यहां उल्लेखनीय है कि आगामी 15 अप्रैल को मजीद मियां की पुत्री का निकाह है।शादी का सब सामग्री जलकर खाक हो गया।इधर महोदीपुर गावं निवासी पैक्स अध्यक्ष के पुत्र भाजपा युवा नेता ने अग्नि पीड़ितों में चूड़ा,मीठा,चावल, मोमबत्ती माचिस,प्लास्टिक आदि बांटकर एक नेक काम किया है।

















# एमजीटी के बच्चों ने मैट्रिक परीक्षा में लहराया परचम, सैकड़ो परीक्षार्थी अव्वल अंक से हुए उतीर्ण

चाण्क्य भूमि। छपरा

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा मैट्रिक का रिजल्ट जारी कर दिया गया है जिसमें तरैया प्रखंड के नेवारी व तरैया में स्थित मां गायत्री ट्यूटोरियल ने शत प्रतिशत रिजल्ट दिया है। इस संस्थान शत प्रतिशत रिजल्ट दिया है। एमजीटी के निदेशक मुकेश अभिनंदन ने बताया कि मैट्रिक में नामांकित कुल 160 परीक्षार्थियों में 152 परीक्षार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। सात परीक्षार्थियों ने द्वितीय व एक परीक्षार्थी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। 88 परीक्षार्थी वैसे हैं जो 80 से 88 प्रतिशत अंक प्राप्त किये हैं। लक्ष्मीकांत सिंह के पुत्र रुद्राक्ष कुमार ने 440 अंक, बच्चा लाल राय की पुत्री सपना कुमारी ने 439 अंक, प्रेमचंद सिंह की पुत्री स्वीटी कुमारी ने 438 अंक, अधिवक्ता उमेश कुमार सिंह के पुत्र आशीष कुमार ने 438 अंक, अशोक कुमार सिंह के पुत्र अंकित कुमार ने 438 अंक, सरोज कुमार की पुत्री स्नेहा कुमारी ने 437 अंक हासिल कर क्षेत्र का नाम रौशन किया है। वहीं राजकिशोर सिंह की पुत्री श्वेता कुमारी ने 422 अंक, मदन कुमार राम की पुत्री रागनी कुमारी ने 424 अंक, डिम्पल कुमारी ने 419 अंक, मुस्कान कुमारी ने 414 अंक, सौरभ कुमार ने 405 अंक, करण कुमार ने 425 अंक, साहिल कुमार ने 421 अंक, हिमांशु कुमार ने 418 अंक, रिशु कुमार ने 405 अंक, शुभम कुमार ने 428 अंक, तन्या प्रकाश ने 424 अंक, गोलू कुमार ने 419 अंक, आरती कुमारी ने 417 अंक, आदित्य कुमार ने 414 अंक, अमरनाथ कुमार ने 411 अंक, लक्ष्मी कुमारी ने 407 अंक, आदर्श कुमार ने 404 अंक, रागिनी कुमारी ने 404 अंक, पूजा कुमारी ने 404 अंक, अमित कुमार ने 406 अंक, दीपक राम ने 401 अंक, जिज्ञासा कुमारी ने 428 अंक, शिवम कुमार ने 407 अंक हासिल किया है। इनके अलावे सैकड़ो छात्र छात्राओं ने भी अव्वल अंक हासिल किया है। बच्चों से बात करने पर रुद्राक्ष कुमार ने बताया की संस्था के संस्थापक मुकेश अभिनंदन व अन्य सभी शिक्षकों द्वारा सभी विषय को अच्छे तरीके से पढ़ाया गया और साप्ताहिक टेस्ट के साथ साथ मासिक टेस्ट कराया गया, जिससे परीक्षा में काफी ज्यादा मदद मिली।

# लोस चुनाव को लेकर डीएम का साप्ताहिक जनता दरबार तत्काल टला

चाण्क्य भूमि(कनकलता)

**बेतिया।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के सफल संचालन करने में अति व्यस्तता के कारण जिला पदाधिकारी पश्चिम चम्पारण का प्रत्येक शुक्रवार को आयोजित जनता दरबार अगले आदेश तक स्थगित किया गया है।उपरोक्त जानकारी जिला जनसंपर्क अधिकारी अनंत कुमार ने साझा किया है।

# 13 जुलाई को होगा नेशनल लोक अदालत का आयोजन

- लोस चुनाव के मधेनजर 11 मई का प्रस्तावित कार्यक्रम टला

चाण्क्य भूमि(कनकलता)

बेतिया। बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार पटना द्वारा आगामी लोक सभा चुनाव को देखते हुए पूर्व से निर्धारित 11 मई को होने वाले द्वितीय नेशनल लोक अदालत की तिथि को आगे बढ़ा दिया गया है। अब द्वितीय नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 जुलाई 2024 दिन शनिवार को होगा। इसकी सूचना जिला विधिक सेवा प्राधिकार पश्चिम चम्पारण के सचिव अमरेन्द्र कुमार राज ने सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय बेतिया को दी है।जिला जनसंपर्क पदाधिकारी अनंत कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से उक्त जानकारी साझा किया है।इस बावत पैनल अधिवक्ता और पारा विधिक से जुड़े लोग प्रचार प्रसार करना शुरू कर दिया है।ग्रामीण क्षेत्रो मेंलोक अदालत से होनेवाले लाभ को बताते हुए अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने काप्रचार प्रसार किया जा रहा है।

# डीएम के साथ बैंकर्स समूह की बैठक


डीएम की बैठक में उमड़ी बैंकर्स की भीड़

चाण्क्य भूमि(कनकलता)

- बड़ी रकम के ट्रांजेक्शन पर नजर रखे बैंकर्सः डीएम

बेतिया। लोस चुनाव के मधेनजर गुरुबार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न बैंकर्स की बैठक में कई महत्व पूर्ण निर्णय लिये गये।स्वच्छ, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न कराने के उदेश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी दिनेश कुमार राय ने कहा कि चुनाव के समय बैंकर्स की महत्वपूर्ण भूमिका है। अभ्यर्थी के स्वयं के नाम से अथवा उनके अभिकर्ता के साथ संयुक्त रूप से निर्वाचन हेतु बैंक खाता खुलवाने में बैंकर्स नियमानुसार सहयोग करेंगे। इसके साथ ही समय-समय पर निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गए निर्देशों का अचूक रूप से अनुपालन करेंगे। उन्होंने कहा कि बैठक का मुख्य उद्देश्य एक लाख रुपये से अधिक की जमा एवं निकासी की निगरानी करना एवं संदेहास्पद लेनदेन की सूचना जिला प्रशासन को देना है। उन्होंने कहा कि बैंकर्स एक लाख रुपये से अधिक ट्रांजेक्शन पर नजर रखेंगे एवं जानकारी साझा करेंगे। आरटीजीएस के माध्यम से एक ही खाते से दूसरे खाते में एक से अधिक बार ट्रांजेक्शन से संबंधित गतिविधि पर नजर रखेंगे। अभ्यर्थी अथवा उससे संबंधित अन्य खाते से एक लाख से अधिक के ट्रांजेक्शन एवं राजनैतिक दलों के खाते से एक लाख से अधिक ट्रांजेक्शन पर नजर रखेंगे। उन्होंने कहा कि ईएसएमएस (इलेक्शन सीजर मैनेजमेंट सिस्टम) के द्वारा क्यूआर कोड जनरेट करके ही बैंक की नगदी अन्य शाखों या एटीएम में प्रेषित कराएं ताकि जांच के दौरान राशि की पुष्टि की जा सके। नगदी मूवमेंट के समय ईएसएमएस द्वारा जेनरेट क्यूआर कोड अनिवार्य रूप से रखा जाय।इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, श्रीमती प्रतिभा रानी, अपर समाहर्ता, राजीव कुमार सिंह, अग्रणी जिला प्रबंधक,सतीश कुमार, प्रभारी पदाधिकारी, जिला बैंकिंग शाखा, एस प्रतीक, अवर निर्वाचन पदाधिकारी, बेतिया, यशलोक रंजन सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं बैंकर्स उपस्थित रहे।










स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा । सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714